V **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दलित एजिलमलाई) :** (क) से (ग) एसपरटेम कृत्रिम मिठास पैदा करता है और इसकी अनुमति केवल कार्बोनिटेड जल और साफट ड्रिंक कनसेंट्रेट में अधिकतम 700 पी0पी0 एम0 के स्तर तक अनुमत्य है । इसे टेबल टॉप स्वीटनर के रूप में भी बेचा जा सकता है ।

केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला, मैसूर ने किसी भी खाद्य पदार्थ पाउडर में एसपरेटेम होने का पता नही लगाया है । केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला, गाजियाबाद की रिपोर्ट के अनुसार हवाई पतन स्वास्थ्य प्राधिकारी पालम हवाई अड्डा, दिल्ली से प्राप्त पाउडरयुक्त आहार के आयातित छह नमूनों में एसपरटेम पाया गया था ।

(घ) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के खाद्य स्वास्थ्य प्राधिकारियों, सरकारी विश्लेषाकों और केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशालाओं को सलाह दी गई है कि वे यह सुनिश्चित करें कि प्रोटीनयुक्त भोजन/पूरक आहार/स्वास्थ्य सम्बन्धी खान-पान ऎसे संयोजी/कृत्रिम मिठास वाले पदार्थो से मुक्त हों, जो खाद्य-उपमिश्रण निवारण, नियमावली, 1955 के अन्तर्गत विशिष्ट रूप से अनुमत्य नही है ।

Shortage of Medicines in Government Hospitals in Delhi

1915. SHRIMATI BASANTI SARMA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government have received several complaints from the people, indicating that most of the essential medicines and syringes/needless arc not available to partients in all the Government Hospitals of Delhi and patients arc compelled to purchase the same from the open market;

(b) if so, the action taken by Government against the concerned MSs of the Hospitals; and

(c) the effective direction being sent to each Government Hospital by Govern ment with a view that patients arc not unduly harassed?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI DALIT EZHIL-MALAI): (a) to (c) Only two complaints have been received by Safdarjung Hospital regarding the non-availability of anti-Diarrhoeal drug and Mezetol Tabs in Safdarjung Hospital. These drugs are now available.

हिमाचल प्रदेश में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना सुविधा

1916. **श्री अनिल शर्मा** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**

(क) सरकार ने किन-किन राज्यों में और कौन-कौन से स्थानों पर केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना सुविधा उपलब्ध करवाई है तथा इसके लिए कौन-कौन से प्रबंध किये गये है; और

(ख) हिमाचल प्रदेश में ऎसे कौन-कौन से अस्पताल है जहां केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना लाभार्थियों को मान्यता प्राप्त निजी/सरकारी/संबद्ध अस्पतालों में उपचारार्थ भेजने की सुविधाएं उपलब्ध है, यदि नही, तो क्या सरकार इस संबंध में प्रावधान करने कर विचार कर रही है, यदि नही, तो इसके क्या कारण है?

	राज्य का नाम	स्थान
1.	उत्तर प्रदेश	इलाहाबाद
		कानपुर
		लखनऊ
		मेरठ
2.	मध्य प्रदेश	जबलपुर
3.	बिहार	पटना
		रांची
4.	महाराष्ट्र	मुम्बई
		नागपुर
		पुणे
5.	गुजरात	अहमदाबाद
6.	दिल्ली	दिल्ली
7.	कर्नाटक	बंगलौर